प्रति,

श्रीमान् ~~थाना प्रभारी महोदय~~ पुलिस अधीक्षक

~~पुलिस कोतवाली थाना~~ धार म.प्र.
जिला धार

प्रार्थी:— काजी मोईनुददीन शेख खादिम दरगाह हजरत मौलाना कमालुददीन चिश्ती रेहमतुल्ला अलैह ।

विषय:— दरगाह के अन्दर धार्मिक भावनाओं को भड़काने व आपत्तिजनक गतिविधि करने बाबद ।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि बाबा कमाल दरगाह के अन्दर हिन्दुवादी नेताओं जिसमें आशिष बसु , गोपाल शर्मा , सुमित, अशोक जैन, व उनके साथ अन्य सहयोगी नेता आए दिन दरगाह में अपने साथ कई अनजान लोगों को लेकर आते है। व अपमानजनक बातें कहते है, हमारी धार्मिक भावनाओं को भड़काते है, दरगाह के अंदर दरगाह के संत बाबा कमालउददीन चिश्ती को अपमानजनक अपशब्द कहते है, दरगाह को तुड़वा देंगें कहते है, जिससे हम व मुस्लिम समाज की आस्था को ठेस पहुँचती है, हम आहत होते है, आज दिनांक 09/08/2026 को भी सुबह करीब 9:30 बजे आशिष वसू व अपने साथ वर्षा अन्नपूर्णागिरी , मनोज जैन, राधेश्याम यादव , राजेन्द्र प्रसाद शर्मा अन्य लोगों के साथ दरगाह के अंदर आए दरगाह के संत हजरत कमालुददीन चिश्ती के बारे में अपशब्द , अपमानजनक एंव आपत्तिजनक बातें की जिससे हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहॅची है। उक्त समय मेरे परिवार के अन्य सदस्य व अन्य जायरीन व मैं मौजूद था उक्त बातें हमने रूबरू सूनी है। 700 साल पुरानी दरगाह के लिए इस प्रकार का कृत्य अत्यन्त आपत्तिजनक होकर सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने योग्य है।

उक्त लोगों को इस प्रकार के कृत्यों से तुरन्त रोका जावें व इन पर तुरन्त कार्यवाही की जावें।

पुलिस अधीक्षक
आवक क्र. ........ आवक/शाखा
10 AUG 2026
अति.पु.अ. पु.अ.

निरन्तर पेज .........02

मोईनुददीन (हस्ताक्षर)

वास्तव में दरगाह व आसपास की सभी जमीनें हमारी ( बाबा कमाल दरगाह ) की निजी जमीनें है। तथा सेकड़ों वर्ष पुराने निजी निर्माण है।

उक्त लोग दरगाह व दरगाह परिसर के बाहर खड़े होकर सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में दरगाह व दरगाह परिसर के आसपास की जमीनों व सदियों पुराने निर्माण को लोगों को दिखाकर कहते है, कि दरगाह व दरगाह परिसर की सब जगह यथा दरगाह , दरगाह से लगी कब्रस्तान की सेकड़ों कब्रे , दरगाह परिसर में मौजूद हमारा निवास एंव दरगाह के अन्य निर्माण – बाउन्ड्रीवाल , गुम्बदें , तथा अन्य निमार्ण जो हमारा निजी है। उसे बलपूर्वक तौड़ने की भी धौंस देते है। इस जगह पर सरस्वती लोक बनाएगें , सरस्वती मंदिर बनाएगें । जबरन हमें बेदखल करने की भी धौंस देते है।

अत: श्रीमान से निवेदन है कि तुरन्त सख्त कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें । तुरन्त आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कृपा करें । दरगाह, दरगाह परिसर एंव सेकड़ों वर्षो से मौजूद समस्त निर्माण की व हमारी सुरक्षा की जावें , उक्त लोगों को धार्मिक भावनाओं को भड़काने से रोका जावें व तुरन्त सख्त कानूनी कार्यवाही की जावे । यही निवेदन है।

इति दिनांक 09 / 08 / 2026

प्रार्थी

प्रतिलिपी ,

01– श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार म.प्र.

02– श्रीमान आय.जी.महोदय , पुलिस इन्दौर रेंज इन्दौर म.प्र.

03– श्रीमान कलेक्टर महोदय धार

Scanned with OKEN Scanner